# बेतवांचल



नवभारत
भोपाल, रविवार 12 जुलाई, 2026

# खिलान सिंह रघुवंशी बने अभिभाषक संघ के अध्यक्ष

**खास बातें**

- सचिव पद पर राजनारायण तिवारी ने दर्ज की जीत
- कांटे के मुकाबले में मिला अधिवक्ताओं का भरोसा



नवभारत न्यूज

**विदिशा 11 जुलाई, जिला अभिभाषक संघ के चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुए. मतदान के बाद हुई मतगणना में अध्यक्ष पद पर खिलान सिंह रघुवंशी ने कांटे के मुकाबले में जीत दर्ज की, जबकि सचिव पद पर राजनारायण तिवारी को अधिवक्ताओं ने अपना विश्वास सौंपा. चुनाव परिणाम घोषित होते ही विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों ने एक-दूसरे को बधाई देकर खुशी का इजहार किया.**

अभिभाषक संघ के चुनाव को लेकर पिछले कई दिनों से अधिवक्ताओं के बीच काफी उत्साह का माहौल था. सभी प्रत्याशी अपने पक्ष में समर्थन जुटाने के लिए लगातार जनसंपर्क और प्रचार में जुटे हुए थे. सबसे दिलचस्प मुकाबला अध्यक्ष पद के लिए देखने को मिला, जहां चक्रवर्ती जैन, खिलान सिंह रघुवंशी और मदन किशोर शर्मा मैदान में थे.

मतगणना में शुरुआत से ही खिलान सिंह रघुवंशी को मामूली बढ़त मिलती रही और अंत में उन्होंने महज पांच वोटों के अंतर से जीत दर्ज की. रघुवंशी को 209 मत प्राप्त हुए, जबकि निकटतम प्रतिद्वंद्वी चक्रवर्ती जैन को 204 मत मिले. तीसरे प्रत्याशी मदन किशोर शर्मा को 46 मत प्राप्त हुए.उपाध्यक्ष पद के चुनाव में अधिवक्ताओं ने धर्मेंद्र किरार पर भरोसा जताया. उन्हें 225 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी जीवन सेन को 48 मत ही मिल सके. वहीं एक अन्य उपाध्यक्ष पद पर प्रेम नारायण शर्मा को 145 मत प्राप्त हुए.सचिव पद के लिए भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला. राजनारायण तिवारी ने 254 मत प्राप्त कर जीत हासिल की, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी को 210 मत मिले.सह सचिव पद पर मुकाबला एकतरफा रहा. उमेश विश्वकर्मा को अधिवक्ताओं का भरपूर समर्थन मिला और उन्होंने 344 मत प्राप्त कर शानदार जीत दर्ज की. उनके प्रतिद्वंद्वी रहमत अली को 111 मत मिले.चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद विजयी प्रत्याशियों का समर्थकों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया तथा मिठाई बांटकर खुशी मनाई. नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे अभिभाषक संघ के हितों की रक्षा, अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान तथा न्यायिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए पूरी निष्ठा एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करेंगे. साथ ही उन्होंने सभी अधिवक्ताओं को साथ लेकर संघ को और मजबूत बनाने का संकल्प भी दोहराया.

# रिश्वत के आरोपों में नटेरन जनपद के मनरेगा अधिकारी निलंबित

- जनसुनवाई में शिकायत और समाचार प्रकाशित होने के बाद कार्रवाई
- 7 दिन में जांच रिपोर्ट तलब





नवभारत न्यूज

**नटेरन 11 जुलाई,** जनपद पंचायत नटेरन में पदस्थ मनरेगा के सहायक लेखा अधिकारी सुरेश मेहरा को रिश्वतखोरी एवं कार्य में लापरवाही के आरोपों के चलते तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है. यह कार्रवाई दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर भुगतान चाहिए तो पैसे दो. मनरेगा अधिकारी पर भ्रष्टाचार के आरोप तथा जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों के आधार पर की गई.

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ओमप्रकाश सनोदिया द्वारा जारी आदेश के अनुसार सुरेश मेहरा पर समीक्षा बैठकों में दिए गए निर्देशों की अवहेलना करने, मनरेगा मजदूरों की मजदूरी तथा वेंडरों के सामग्री भुगतान में अनावश्यक विलंब करने के भी आरोप हैं. म.प्र. राज्य रोजगार गारंटी परिषद, भोपाल के अनुशासनात्मक प्रावधानों के तहत उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है.निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जिला पंचायत विदिशा रहेगा तथा उन्हें नियमानुसार निर्वाह भत्ता (लगभग 50 प्रतिशत पारिश्रमिक) मिलेगा.मामले की विस्तृत जांच के लिए सीईओ जिला पंचायत ने स्मिता तिवारी, ऋतुराज कर्ण एवं रामप्रवेश सैनी की तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की है. समिति को सात दिवस के भीतर तथ्यात्मक जांच कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं. जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

## छह गांवों में विकास कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण, मेधावी छात्रा बनी मुख्य अतिथि

नवभारत न्यूज

**लटेरी.** क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने शनिवार को ग्राम मुरवास, मुरारिया, शहरखेड़ा, ढिमरौली, रामगढ़ एवं टोंकरा का दौरा कर करोड़ों रुपये की लागत से विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया. कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे.विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार विकास को नई गति दे रही है. सरकार युवाओं, किसानों, महिलाओं और गरीबों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं प्रभावी ढंग से संचालित कर रही है.कार्यक्रम के दौरान ग्राम मुरवास की कक्षा 10वीं की मेधावी छात्रा सलोनी प्रजापति, जिन्होंने बोर्ड परीक्षा में 86.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, को मुख्य अतिथि बनाकर सम्मानित किया गया. विधायक ने उनकी उपलब्धि की सराहना करते हुए अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित किया.ग्राम मुरवास में लगभग 168.11 लाख रुपये तथा मुरारिया में 203.74 लाख रुपये की लागत से विद्यालय भवन, अतिरिक्त कक्ष, बाउंड्रीवॉल, गेट सहित विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया. इस अवसर पर प्रताप सिंह धाकड़, नर्मदा प्रसाद कुशवाह सहित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद रहे.

# चौराहे पर खुलेआम चल रहा सट्टे का कारोबार, कार्रवाई पर उठ रहे सवाल

- बंद पड़ी दुकान में संचालित हो रहा अवैध अड्डा
- पुलिस की कार्रवाई पर भी सवाल



नवभारत न्यूज

**विदिशा.** शहर के पीतल मिल चौराहा से कुछ दूरी पर, शराब दुकान के पहले स्थित एक बंद पड़ी दुकान में कथित रूप से खुलेआम सट्टे का कारोबार संचालित होने का मामला सामने आया है. स्थानीय लोगों का आरोप है कि यहां बाकायदा सट्टा लिखने के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो अलग-अलग शिफ्ट में काम करते हैं.बताया जा रहा है कि पूरे दिन यहां लोगों की आवाजाही बनी रहती है और खुलेआम सट्टा लिखा जाता है. क्षेत्रवासियों का कहना है कि इस अवैध गतिविधि की जानकारी संबंधित पुलिस को भी है, लेकिन इसके बावजूद कारोबार पर प्रभावी अंकुश नहीं लग पा रहा है.स्थानीय लोगों का आरोप है कि जब भी पुलिस कार्रवाई के लिए पहुंचती है, उससे पहले ही सट्टा खेलने वाले और संचालक मौके से गायब हो जाते हैं. इससे पुलिस कार्रवाई की प्रभावशीलता पर भी सवाल उठ रहे हैं. वहीं, सट्टा कारोबार का मुख्य संचालक अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर बताया जा रहा है.नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से अवैध सट्टा कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए इसके मास्टरमाइंड तक पहुंचने और ऐसे अवैध धंधों पर स्थायी रोक लगाने की मांग की है.

## सीनियर गर्ल्स हॉस्टल में स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** उदयपुर स्थित सीनियर गर्ल्स हॉस्टल में छात्राओं के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया. स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छात्राओं का रक्तचाप, हीमोग्लोबिन, वजन, ऊंचाई सहित अन्य आवश्यक जांच की. चिकित्सकों ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी तथा जरूरतमंद छात्राओं को आगे की जांच एवं उपचार के लिए मार्गदर्शन भी प्रदान किया.

## एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत आंगनवाड़ी केंद्रों पर पौधारोपण

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती विनीता कांसवा के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत जिले के विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया.कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, बच्चों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए. इस दौरान पर्यावरण संरक्षण, जलवायु संतुलन और हरित वातावरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प दिलाया गया.जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती विनीता कांसवा ने कहा कि यह अभियान केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण उपलब्ध कराने का जनआंदोलन है. उन्होंने प्रत्येक नागरिक से कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी नियमित देखभाल करने की अपील की.

# विदिशा जिले में राजस्व अधिकारियों के तबादले, कई तहसीलों में नई पदस्थापना

**सिरोंज, शमशाबाद, पठारी, नटेरन, ग्यारसपुर, कुरवाई सहित कई तहसीलों में प्रभारी तहसीलदार और नायब तहसीलदारों की नई जिम्मेदारियां**

नवभारत न्यूज

**विदिशा, जिला प्रशासन ने राजस्व व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिले के प्रभारी तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों के तबादले एवं नई पदस्थापनाओं के आदेश जारी किए हैं. आदेश के तहत कई अधिकारियों को नई तहसीलों में जिम्मेदारी सौंपी गई है.**

जारी आदेश के अनुसार संजय चौरसिया का स्थानांतरण सिरोंज से शमशाबाद प्रभारी तहसीलदार के रूप में किया गया है. वहीं प्रेमलता पाल को शमशाबाद से पठारी तथा अभिषेक पाण्डेय को पठारी से सिरोंज प्रभारी तहसीलदार बनाया गया है. सुधीर शुक्ला को ग्यारसपुर का तहसीलदार और आनंद कुमार जैन को नटेरन से त्योंदा तहसीलदार नियुक्त किया गया है. पियूष जैन को नटेरन का तहसीलदार बनाया गया है.नायब तहसीलदारों में संदीप शर्मा को कुरवाई में न्यायालयीन एवं गैर न्यायालयीन कार्यों की जिम्मेदारी दी गई है1दौजीराम अहिरवार को सिरोंज में गैर न्यायालयीन कार्य, सौरभ मालवीय को ग्यारसपुर से विदिशा नगर तथा अजय वर्मा को सिरोंज से शमशाबाद में गैर न्यायालयीन कार्य के लिए पदस्थ किया गया है. ऋषभ परतेती को ग्यारसपुर-गुलाबगंज, दर्शनलाल नेगी को सिरोंज एवं मुगलसराय तथा देवदीप गौड़ को सिरोंज में न्यायालयीन कार्य (वृत्त पथरिया) का दायित्व सौंपा गया है.

इसके अलावा भास्कर सिंह रघुवंशी को वर्तमान दायित्व के साथ आनंदपुर वृत्त का न्यायालयीन कार्य तथा ओम बघेल को वर्तमान कार्य के साथ विदिशा ग्रामीण में गैर न्यायालयीन कार्य की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है.प्रशासन का उद्देश्य इन बदलावों के माध्यम से राजस्व एवं न्यायालयीन कार्यों के सुचारु संचालन को सुनिश्चित करना है.

## रेलवे स्टेशन पर ई-रिक्शा व्यवस्था को लेकर ऑटो यूनियन ने दी हड़ताल की चेतावनी

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा.** रेलवे स्टेशन परिसर में ई-रिक्शा संचालन व्यवस्था को लेकर ऑटो रिक्शा यूनियन ने रेल प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए जल्द समाधान नहीं होने पर हड़ताल की चेतावनी दी है.यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में रेलवे स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार पर बड़ी संख्या में ई-रिक्शा खड़े रहते हैं, जिससे यात्रियों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है. भीड़भाड़ के कारण ऑटो चालकों और यात्रियों दोनों को असुविधा होती है तथा यातायात व्यवस्था भी प्रभावित होती है.ऑटो रिक्शा यूनियन ने मांग की है कि ऑटो रिक्शाओं के लिए रेलवे परिसर में अलग से निर्धारित स्थान उपलब्ध कराया जाए, ताकि ई-रिक्शा और ऑटो का संचालन व्यवस्थित ढंग से हो सके.

# ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी का जिला सम्मेलन संपन्न

**समीर शेख बने नगर अध्यक्ष, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव का दिया संदेश**



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा. ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी का जिला स्तरीय सम्मेलन शनिवार को गंजबासौदा में आयोजित किया गया. कार्यक्रम का संचालन हाफिज अफजल ने किया. मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष हाफिज अहमद खुर्रम शहमीरी उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सोहेल अहमद बबलू ने की.**

राष्ट्रीय अध्यक्ष हाफिज अहमद खुर्रम शहमीरी ने कहा कि भारत विविधताओं का देश है और सभी धर्मों के त्योहार हमारी साझा सांस्कृतिक विरासत हैं. उन्होंने सभी पर्व प्रेम, भाईचारे और आपसी सौहार्द के साथ मनाने का आह्वान करते हुए इसे देश की गंगा-जमुनी तहजीब और राष्ट्रीय एकता की पहचान बताया.जिला अध्यक्ष सोहेल अहमद बबलू ने कहा कि संगठन को जिलेभर में और मजबूत किया जाएगा तथा शिक्षित एवं जागरूक युवाओं को जोड़कर नई टीम का गठन किया जाएगा, ताकि सामाजिक कार्यों में उनकी भागीदारी बढ़ सके.सम्मेलन में सर्वसम्मति से समीर शेख को ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी का गंजबासौदा नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया. उनकी नियुक्ति पर सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं दीं. कार्यक्रम में समीर किरमानी, आबिद हुसैन, मेहबूब मंसूरी, हाफिज शरीफ, अकील खान, दानिश पठान सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# स्थानांतरण नीति का उल्लंघन! ट्रांसफर के बाद भी कर्मचारियों को नहीं किया जा रहा रिलीव

नवभारत न्यूज

**विदिशा. राज्य सरकार की स्थानांतरण नीति के बावजूद जिले में तबादला किए गए कर्मचारियों को समय पर कार्यमुक्त (रिलीव) नहीं किए जाने का मामला सामने आया है. सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार 16 जून को जारी तबादला आदेश के बाद कर्मचारियों को 15 दिन के भीतर रिलीव कर नई पदस्थापना पर कार्यभार ग्रहण करना था, लेकिन अब तक अधिकांश कर्मचारी पुराने कार्यस्थलों पर ही कार्यरत हैं.**

जानकारी के अनुसार जिले में करीब 30 से 40 पटवारी, 19 बाबू तथा 3 चपरासियों के प्रशासनिक एवं स्वेच्छा से तबादले किए गए हैं. स्थानांतरण नीति के अनुसार सभी कर्मचारियों को 1 जुलाई तक नई पदस्थापना पर पहुंचना था, लेकिन यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है.तहसील स्तर पर कर्मचारियों को रिलीव करने का अधिकार एसडीएम और तहसीलदार के पास है, लेकिन अधिकारियों का कहना है कि कलेक्टर के निर्देश मिलने के बाद ही कर्मचारियों को कार्यमुक्त किया जाएगा.नीति में यह भी प्रावधान है कि किसी महत्वपूर्ण शासकीय कार्य के कारण यदि कर्मचारी को तत्काल रिलीव करना संभव न हो तो संबंधित अधिकारी स्थानांतरण आदेश जारी करने वाले प्राधिकारी से लिखित अनुमति लेकर अधिकतम 15 दिन की अतिरिक्त अवधि बढ़ा सकता है. इसके बावजूद जिले में नीति का पालन नहीं होने से सवाल उठ रहे हैं.

**कार्यक्रम** — डॉ. वाय.के. जैन बोले- इंजीनियरों की व्यावसायिक सफलता के लिए प्रभावी कम्युनिकेशन कौशल जरूरी

# एसएटीआई में 'कार्यस्थल पर प्रभावी संचार' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न



नवभारत न्यूज

**विदिशा.** सम्राट अशोक प्रौद्योगिकी संस्थान (एसएटीआई) के मानविकी विभाग द्वारा शिक्षकों के लिए कार्यस्थल पर प्रभावी संचार विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया. कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों के संचार कौशल को और अधिक प्रभावी बनाना तथा व्यावसायिक संवाद के आधुनिक आयामों से उन्हें परिचित कराना था.

मानविकी विभागाध्यक्ष डॉ. अमितोष सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यशाला में व्यावसायिक संचार के विभिन्न पहलुओं पर व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया. पहले दिन दोनों सत्रों में डॉ. अमितोष सिंह ने अंग्रेजी भाषा के व्यावहारिक उपयोग और व्याकरण की सटीकता पर विस्तार से जानकारी दी. उन्होंने बताया कि भाषा की संरचनात्मक शुद्धता तकनीकी एवं शैक्षणिक पत्राचार को अधिक स्पष्ट और प्रभावी बनाती है तथा संचार में भ्रम की स्थिति को समाप्त करती है.संस्था के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. आशीष मानोरिया ने बताया कि दूसरे दिन पहले सत्र में कार्यशाला समन्वयक एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. वीणा दातार ने संवादात्मक संचार कौशल, सक्रिय श्रवण, कॉर्पोरेट शिष्टाचार, व्यक्तित्व विकास, सकारात्मक दृष्टिकोण और व्यावसायिक व्यवहार पर व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया. उन्होंने कहा कि तकनीकी ज्ञान के साथ प्रभावी प्रस्तुतीकरण और व्यक्तित्व विकास आज के विद्यार्थियों की सफलता की महत्वपूर्ण आवश्यकता है.दूसरे सत्र में विषय विशेषज्ञ विनोद काले ने प्रतिभागियों को अंग्रेजी भाषा में प्रभावी संवाद, शब्दकोशों के सही उपयोग, शब्द संयोजन तथा मूल वक्ताओं की तरह बोलने की तकनीकों से अवगत कराया. उन्होंने अंग्रेजी में सहजता से सोचने और मानसिक अनुवाद की बाधा को दूर करने के व्यावहारिक उपाय भी बताए.समापन समारोह में मुख्य अतिथि एवं संस्थान के संचालक डॉ. वाय.के. जैन ने कहा कि इंजीनियरों की व्यावसायिक सफलता के लिए तकनीकी ज्ञान के साथ प्रभावी संचार कौशल, सही भाषा और स्पष्ट उच्चारण भी अत्यंत आवश्यक हैं. उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस कार्यशाला से शिक्षकों को निश्चित रूप से लाभ मिलेगा.विशिष्ट अतिथि डीन एकेडमिक्स डॉ. आलोक जैन ने कहा कि संस्थान में इस प्रकार की कार्यशाला पहली बार आयोजित की गई है और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से होने चाहिए. प्रतिभागियों ने भी कार्यशाला की सराहना करते हुए इसे अधिक अवधि तक आयोजित करने का सुझाव दिया. अंत में अतिथियों ने प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए.











